हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 20 फरवरी 2026

04 फार्म सबमिट करने सुविधा शुल्क मांगने का वीडियो...



07 आंगनबाड़ी केंद्रों में शत प्रतिशत बच्चों की...






## खबर संक्षेप

### 22 मुनियों की दीक्षा सैकड़ों श्रद्धालु पहुंचे

**विदिशा।** नगर से छह बसों और 14 चार पहिया वाहनों में सवार सैकड़ों श्रद्धालु मुक्तागिरी पहुंचे, जहां नवाचार्य आचार्य समयसागर महाराज ने आचार्य पद प्राप्ति के बाद पहली बार 22 मुनियों को निर्ग्रंथ जैनेश्वरी दीक्षा प्रदान की। प्रवक्ता अविनाश जैन विद्यावाणी ने बताया कि 8 फरवरी 1998 को यहां आचार्य विद्यासागर महाराज द्वारा भी दीक्षा दी गई थी। 28 वर्ष बाद हुए इस भव्य आयोजन में देशभर से लाखों श्रावक-श्राविकाएं शामिल हुए। विदिशा के ऐलक-क्षुल्लक, ब्रह्मचारी तथा मुनि संभवसागर महाराज के प्रवचन आकर्षण रहे।

### शिवाजी महाराज की 396वीं जयंती मनाई

**विदिशा।** गुरुवार दोपहर 1 बजे छत्रपति शिवाजी महाराज की 396वीं जयंती के अवसर पर शिवसेना कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान शिवसैनिकों ने शिवाजी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके साहस, राष्ट्रभक्ति और स्वाभिमान के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में जिला प्रमुख राहुल जोशी, संभाग उपाध्यक्ष गजेंद्र कुशवाहा, नगर अध्यक्ष आशीष मालवीय, चेतन जीतोडिया, रामनारायण सुंदर यादव और गोलू वाल्मीकि सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उपस्थित वक्ताओं ने शिवाजी महाराज के जीवन से प्रेरणा लेकर समाज सेवा और राष्ट्रहित में कार्य करने का आह्वान किया।

### विदिशा के विधान ने जीता कांस्य पदक

**विदिशा।** प्रतिभाशाली युवक विधान श्रीवास्तव ने गांधीनगर में आयोजित इंडिया स्किल रीजनल प्रतियोगिता में "पेंटिंग एंड डेकोरेटिंग" स्किल में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर कांस्य पदक हासिल किया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच उन्होंने तकनीकी दक्षता, रचनात्मकता और बेहतर कार्यशैली का परिचय देते हुए तीसरा स्थान प्राप्त किया। सम्मान समारोह में कौशल विकास मंत्री कुंवरजीभाई बावलिया ने पदक व प्रमाण पत्र प्रदान कर विजेताओं को प्रोत्साहित किया।

### आईटीआई में उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम

**विदिशा।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में भारत सरकार के विकास आयुक्त (एमएसएमई) की ईएसडीपी योजना अंतर्गत एक दिवसीय उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। उद्यमिता विकास केन्द्र मप्र (सेडमैप) द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को उद्योग स्थापना प्रक्रिया, परियोजना चयन, बैंक ऋण, विपणन, पंजीयन और सरकारी अनुदान की जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने युवाओं को स्वरोजगार अपनाकर आत्मनिर्भर बनने तथा रोजगार सृजन करने के लिए प्रेरित किया। एमएसएमई योजनाओं, स्टार्टअप सहायता और कौशल प्रशिक्षण पर मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया।

### अस्पताल में 'आंचल कक्ष' स्थापित किया




**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता की पहल पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिला चिकित्सालय विदिशा में 'आंचल कक्ष' स्थापित किया गया है। इसका उद्देश्य अस्पताल आने वाली माताओं को शिशुओं को स्तनपान कराने हेतु सुरक्षित, स्वच्छ और गोपनीय वातावरण उपलब्ध कराना है। कक्ष में आरामदायक बैठने की व्यवस्था, स्वच्छता और आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की गई हैं, ताकि महिलाएं बिना असहजता के शिशुओं की देखभाल कर सकें। जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीता लोढ़ा ने बताया कि सार्वजनिक स्थानों पर उपयुक्त व्यवस्था के अभाव में महिलाओं को कठिनाई होती थी, जिसे यह पहल दूर करेगी।

---

### वन्यजीव संरक्षण में विदिशा वन मंडल की बड़ी उपलब्धि, चार प्रमुख प्रजातियों की बढ़ी संख्या

# आज से गिद्ध गणना शुरू होगी, 15 हजार किमी उड़ान भरकर लौटा हलाली का गिद्ध




हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

वन विभाग द्वारा फरवरी माह की 20, 21 और 22 तारीख को पूरे प्रदेश में गिद्ध गणना का विशेष अभियान चलाया जाएगा। पर्यावरण संरक्षण और वन्यजीव संवर्धन के क्षेत्र में विदिशा वनमंडल ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। बीते दो वर्षों में गिद्धों की संख्या में हुई वृद्धि इस बात का प्रमाण है कि सुरक्षित आवास, पर्याप्त भोजन और जहरीले तत्वों पर नियंत्रण के प्रयास प्रभावी साबित हो रहे हैं।

इस अभियान के बीच एक अत्यंत रोचक और ऐतिहासिक घटना भी सामने आई है। एक घायल गिद्ध को रेस्क्यू कर वन विहार भोपाल में उपचार के लिए दिया गया था। स्वस्थ होने के बाद उसे हलाली बांध क्षेत्र से जियो-टैग लगाकर मुक्त किया गया था। आश्चर्यजनक रूप से यह गिद्ध उड़ान भरते हुए कजाकिस्तान तक 15 हजार किलोमीटर से अधिक दूरी तय करते हुए उड़ा और अब सुरक्षित लौटकर धौलपुर क्षेत्र में देखा गया है। यह विदिशा वन विभाग की रेस्क्यू प्रणाली की बड़ी सफलता मानी जा रही है। पिछले वर्ष 2025 में हुई गणना के आंकड़े भी उत्साहजनक थे। फरवरी 2025 में 493 वयस्क और 104 अवयस्क सहित कुल 597 गिद्ध दर्ज किए गए थे, जबकि चट्टानों पर 8 और पेड़ों पर 28 घोंसले मिले थे। वहीं अप्रैल 2025 की गणना में 262 वयस्क और 60 अवयस्क सहित कुल 322 गिद्ध तथा पेड़ों पर 21 घोंसले पाए गए थे। जिले के सोंठिया डंपिंग ग्राउंड सहित विभिन्न स्थानों पर सफेद पीठ वाला गिद्ध, भारतीय देसी गिद्ध, राज गिद्ध और इजिप्शियन गिद्ध जैसी चार प्रमुख प्रजातियां बड़ी संख्या में मौजूद हैं।



**विदिशा।** शहर में सोंठिया में भारी मात्रा में पाए जाते हैं गिद्ध।

डीएफओ हेमंत यादव ने बताया कि धरती के सफाई दूत कहे जाने वाले गिद्ध अत्यंत संवेदनशील और शर्मीले पक्षी होते हैं। इनके पेट का शक्तिशाली अम्ल मृत पशुओं के मांस को पचाकर मानव और पर्यावरण को खतरनाक बीमारियों से बचाता है।

पहले पशुओं में प्रयुक्त डाइक्लोफिनेक दवा के कारण इनकी संख्या तेजी से घटी थी, जिस पर अब प्रतिबंध लगाया जा चुका है। गिद्ध वर्ष में केवल एक अंडा देते हैं और बच्चों के जीवित रहने की दर लगभग 50 प्रतिशत होती है। सटीक गणना के लिए इनकी गतिविधियों को ध्यान में रख सर्वेक्षण का समय सुबह 6 से 9 बजे निर्धारित किया गया है। वन विभाग को उम्मीद है कि इस वर्ष के आंकड़े संरक्षण प्रयासों की सफलता को और मजबूती से सामने लाएंगे।

---

# आलू से भरे ट्रक में मिला मोर का शव, बाद में पता चला, चलते- चलते फंसा



- सामाजिक कार्यकर्ताओं ने आरोपियों को पकड़ा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

बस स्टैंड क्षेत्र में राष्ट्रीय पक्षी मोर के शिकार और तस्करी का मामला सामने आया है। सामाजिक कार्यकर्ताओं ने आलू से भरे एक ट्रक की तलाशी के दौरान उसमें से एक मृत मोर बरामद किया है। मौके से उत्तरप्रदेश के इटावा निवासी 2 युवकों को पकड़कर कोतवाली पुलिस के हवाले कर दिया गया है। पुलिस की सूचना पर वन विभाग ने वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सनातन संघ के प्रमुख प्रियंक रघुवंशी को राष्ट्रीय पक्षी मोर की तस्करी सूचना मिली थी। बाद में पता चला कि चलते हुए ट्रक के नीचे मोर का शव फंस गया था। पुलिस और वन विभाग दोनों इस मामले की जांच कर रहे हैं।

### वीडियो जारी कर कहा गलतफहमी हुई थी

दोपहर में इस घटना के बाद शाम को सामाजिक कार्यकर्ता प्रियंक रघुवंशी ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो अपलोड किया। जिसमें उन्होंने कहा कि ह मोर की तस्करी की गलतफहमी हो गई थी। मोर चलते हुए ट्रक के नीचे फंस गया था और उसकी मौत हो गई। मोर के शव को पुलिस और वन विभाग की टीम के हवाले कर दिया गया है।

### दोनों इटावा निवासी

ट्रक में सवार दोनों युवकों को कार्यकर्ताओं ने मौके पर ही पकड़ लिया। ये दोनों युवक उत्तर प्रदेश के इटावा के निवासी बताए जा रहे हैं। कार्यकर्ताओं ने पकड़े गए, ट्रक से बरामद मृत मोर के शव को तुरंत कोतवाली पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल वन विभाग को इसकी सूचना दी, जिसके बाद वन अमले ने कार्रवाई शुरू की।

---

# सागौन की लकड़ी जब्त करने गए वनरक्षकों पर हमला, 2 घायल, 1 जिला अस्पताल रेफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शमशाबाद

शमशाबाद वन परिक्षेत्र में लकड़ी चोरों के खिलाफ कार्रवाई के दौरान वन विभाग की टीम पर हमला किए जाने का मामला सामने आया है।

वन परिक्षेत्र अधिकारी संगीता अमलतास को कोलुआ के पास ग्राम छापर में अवैध रूप से लकड़ी काटकर बेचने की सूचना मिली थी। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में गठित टीम ने मौके पर पहुंचकर लगभग एक ट्रॉली कीमती सागौन की लकड़ी बरामद की। कार्रवाई से आक्रोशित लकड़ी चोरों ने वन विभाग के नाकेदारों, कर्मचारियों और वनरक्षकों पर लाठियों से हमला कर दिया, जिसमें दो वनरक्षक गंभीर रूप से घायल हो गए।



घायल वनरक्षक चंद्रभान विश्वकर्मा को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में विदिशा जिला चिकित्सालय रेफर किया गया, जबकि रामरुचि शर्मा का उपचार शमशाबाद स्वास्थ्य केंद्र में जारी है। घटना की रिपोर्ट रेंजर संगीता अमलतास ने शमशाबाद थाने में दर्ज कराई है। नवागत थाना प्रभारी राजपाल सिंह यादव ने बताया कि सूचना प्राप्त होते ही जांच शुरू कर दी गई है और आरोपियों के खिलाफ शीघ्र कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई में पूजा शर्मा, नारायण प्रसाद धनकर, राजेश रैकवार, प्रशांत लोहारिया, संतोष राजपूत, धर्मेंद्र यादव और फिरोज खान सहित अन्य कर्मचारी शामिल रहे।

### लापरवाही से बालक की मौत पर दोषी को दो वर्ष का सश्रम कारावास

**विदिशा।** न्यायालय रिनी खान ने उपेक्षा द्वारा मृत्यु कारित करने के प्रकरण में दोषी कमलेश आदिवासी (41), निवासी ग्राम छीरखेड़ा, थाना करारिया को दोषी पाते हुए दो वर्ष के सश्रम कारावास एवं 1000 रुपए अर्थदंड से दंडित किया। प्रकरण में शासन की ओर से सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी प्रियंका जैन ने प्रभावी पैरवी की। अभियोजन के अनुसार 22 जुलाई 2019 की शाम फरियादी मोहर सिंह का ढाई वर्षीय पुत्र दुर्गेश उर्फ गुल्लू आरोपी के घर के सामने खेलते समय खुले गड्ढे में भरे पानी में गिर गया, जिससे डूबने से उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में आरोप पत्र प्रस्तुत किया। न्यायालय ने साक्ष्यों व तर्कों के आधार पर आरोपी को दोषी ठहराते हुए उक्त सजा सुनाई।

# शमशाबाद विधानसभा को 116 करोड़ की सौगात क्षेत्र में 77 किमी लंबी 9 सड़कों का होगा निर्माण

*मप्र के बजट में शमशाबाद विधानसभा क्षेत्र के विदिशा विस से अधिक सौगात मिली है, यहां करीब 116 करोड़ रुपए की लागत से सड़कों का निर्माण होगा।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

मप्र के बजट में शमशाबाद विधानसभा को 116 करोड़ रुपए की सौगात मिली है।

विधायक सूर्यप्रकाश मीणा ने डॉ. मोहन यादव एवं लोक निर्माण विभाग मंत्री राकेश सिंह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश सरकार के बजट में शमशाबाद विधानसभा क्षेत्र को बड़ी सौगात मिली है। क्षेत्र में 116 करोड़ रुपये की लागत से कुल 77 किलोमीटर लंबाई की 9 सड़कों का निर्माण किया जाएगा, जिससे ग्रामीण अंचलों की आवाजाही सुगम होगी और विकास को नई गति मिलेगी।

स्वीकृत कार्यों में करारिया-शमशाबाद मार्ग (34 किमी, 75 करोड़ रुपए), खामखेड़ा कस्बा से बाला बरखेड़ा मार्ग (10 किमी, 15.22 करोड़ रुपए) तथा कागपुर-गढ़ला-सुरई मूडरा होते हुए परस-परसौरा मार्ग (7 किमी, 5.40 करोड़ रुपए) प्रमुख हैं। इसके अलावा कोटरा नामाखेड़ी-कोठीचार कलां-सूखा सेमरा मार्ग, सूखा नीमखेड़ा-परासीगूजर मार्ग, कोटीचार पहुंच मार्ग, खामखेड़ा-वामनखेड़ा-बांसखेड़ा मार्ग, खामखेड़ा लोधाखेड़ी से गंगरवाड़ा तथा पौआनाला-चटुआ मार्ग भी स्वीकृत हुआ है। शमशाबाद विधायक सूर्यप्रकाश मीणा ने कहा कि इन सड़कों के निर्माण से क्षेत्रीय संपर्क मजबूत होगा, किसानों, विद्यार्थियों और आम नागरिकों को सीधा लाभ मिलेगा तथा शमशाबाद क्षेत्र के समग्र विकास को नई दिशा प्राप्त होगी।



### हलाली बांध के पास हादसा, 4 बच्चे घायल

**विदिशा।** हलाली बांध के नजदीक पिपरिया निवासी आरती बाइक हादसे में अपने 4 बच्चों सहित घायल हो गई। महिला का आरोप है कि विदिशा मेडिकल कॉलेज में इलाज के बदले पैसे मांगे गए, जिसके बाद वह जिला अस्पताल पहुंची, जहां सुबह से बच्चों के साथ उपचार का इंतजार करती रही। मामले में जिला अस्पताल के डॉक्टर गौरव रघुवंशी ने बताया कि मरीजों को सीटी स्कैन के लिए भेजा गया था और इलाज से जुड़ी कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। फिलहाल बच्चों का उपचार जारी है।

# जिला पंचायत की सामान्य सभा में विकास की बड़ी सौगात मुख्यमंत्री मजरा-टोला योजना के तहत 254 सड़कों को मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक में ग्रामीण बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए मुख्यमंत्री मजरा-टोला योजना अंतर्गत जिले की 254 बसाहटों को पक्की सड़कों से जोड़ने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इस परियोजना के तहत लगभग 218.89 किलोमीटर लंबी सड़कों का निर्माण किया जाएगा, जिस पर 109.44 करोड़ रुपए व्यय होने का अनुमान है। बैठक में प्रस्तुत विवरण के अनुसार सिरोंज में 64



बसाहटों हेतु 46.87 किमी सड़क निर्माण पर 23.43 करोड़ रुपये खर्च होंगे, जबकि लटेरी में 55 बसाहटों को 33.72 किमी सड़कों से जोड़ा जाएगा। नटेरन की 32 और ग्यारसपुर की 30 बसाहटों के साथ बासौदा की 27 तथा कुरवाई की 25 बसाहटों में भी सड़क निर्माण को स्वीकृति मिली। जिला मुख्यालय क्षेत्र की 21 बसाहटों में 34.91 किमी लंबी सड़कें बनाई जाएंगी। जिला पंचायत अध्यक्ष ने बताया कि चयन एरआईएमएस पोर्टल की प्राथमिकता सूची के आधार पर पारदर्शी ढंग से किया गया है। सभी कार्य वर्षा ऋतु से पूर्व गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे ग्रामीणों को सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके।

### एसएटीआई में टेक्नोविजन-2026 का शुभारंभ

# पेपर प्रेजेंटेशन से तकनीकी दक्षता निखरती हैः पारधी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

एसएटीआई में दो दिवसीय तकनीकी महोत्सव टेक्नोविजन-2026 का शुभारंभ हुआ।

मुख्य अतिथि संस्थान के पूर्व छात्र एवं कटंगी (बालाघाट) विधायक गौरव सिंह पारधी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी इंजीनियरिंग संस्थान का स्वाभाविक आयोजन पेपर प्रेजेंटेशन और तकनीकी गतिविधियां ही होती हैं। शोध-पत्र प्रस्तुत करने से विषय पर गहरी समझ विकसित होती है, जो भविष्य के करियर में भी सहायक बनती है। उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बढ़ते महत्व का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वैश्विक एआई दृष्टि प्रस्तुत किए जाने की चर्चा की तथा विद्यार्थियों को राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार रहने का संदेश दिया।

### रिसर्च व नवाचार के लिए मंच : डॉ. जैन

संस्थान निदेशक डॉ. वायके जैन ने कहा कि टेक्नोविजन-2026 विद्यार्थियों को रिसर्च, नवाचार और तकनीकी विकास की दिशा में आगे बढ़ने का सशक्त मंच प्रदान करता है। इस वर्ष 120 शोध-पत्र और 66 पोस्टर प्रेजेंटेशन के लिए पंजीयन हुए हैं। आयोजन में कोडिंग प्रतियोगिता, आइडिया जनरेशन, मॉडल प्रेजेंटेशन, रोपवे रेसिंग और रोबो रम्बल जैसी गतिविधियां भी शामिल हैं। कार्यक्रम केंद्र सरकार के भारतीय मानक ब्यूरो के सहयोग से किया जा रहा है। पहले दिन तकनीकी शोध-पत्र वाचन, पोस्टर व मॉडल प्रस्तुति तथा रोपवे रेसिंग प्रतियोगिता आयोजित हुई। दूसरे दिन कोडिंग चैलेंज, रोबो रम्बल और आइडिया जनरेशन प्रतियोगिताओं के साथ समापन समारोह में विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा।

---

### लंबित आवेदनों के निराकरण पर कलेक्टर गुप्ता दे रहे जोर

# संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत 81 हजार आवेदन दर्ज, 79 हजार का निराकरण किया गया

**कलेक्टर ने प्राथमिकता के आधार पर निराकरण के लिए हैं निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता के मार्गदर्शन में जिले में आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए संचालित संकल्प से समाधान अभियान के तहत लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। जनपद पंचायतवार स्थिति पर नजर डालें तो विदिशा, कुरवाई, नटेरन, ग्यारसपुर, गुलाबगंज, सिरोंज एवं लटेरी में बड़ी संख्या में आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से अधिकांश का निराकरण कर संबंधित आवेदकों को राहत प्रदान की गई है।

नगरपालिका विदिशा, सिरोंज, गंजबासौदा, शमशाबाद, कुरवाई एवं लटेरी में भी अभियान के तहत समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है। कलेक्टर गुप्ता द्वारा अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि लंबित आवेदनों का निराकरण प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र किया जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके। साथ ही निराकरण की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए गए हैं।

**नगरपालिका स्तर पर 4374 आवेदन प्राप्त हुए 3106 का निराकरण किया गया, 1268 लंबित**

अभियान के अंतर्गत 19 फरवरी की तक जिले में 81 हजार 660 आवेदन दर्ज किए गए, जिनमें से 79 हजार 223 का निराकरण किया जा चुका है, जबकि 2437 आवेदन लंबित हैं। जनपद पंचायत स्तर पर कुल 77 हजार 286 आवेदन दर्ज हुए, जिनमें से 76 हजार 117 आवेदनों का निराकरण कर दिया गया है तथा 1169 आवेदन लंबित हैं। नगरपालिका स्तर पर कुल 4374 आवेदन प्राप्त हुए, 3106 आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है और 1268 आवेदन लंबित हैं।

गौरतलब हो कि संकल्प से समाधान अभियान का मुख्य उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है। इस अभियान के माध्यम से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के नागरिकों को उनकी समस्याओं के समाधान के लिए एक सशक्त मंच उपलब्ध हो रहा है, जिससे शासन और आमजन के बीच विश्वास भी मजबूत हो रहा है।

## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-1600
उच्चतम भाव-5320
सरसों
न्यूनतम भाव-4200
उच्चतम भाव-6800
चना
न्यूनतम भाव-2820
उच्चतम भाव-5342
मसूर
न्यूनतम भाव-5030
उच्चतम भाव-6750
ज्वार
न्यूनतम भाव-5040
उच्चतम भाव-5040
मक्का
न्यूनतम भाव-1300
उच्चतम भाव-1632
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2060
उच्चतम भाव-3340
धान
न्यूनतम भाव-1400
उच्चतम भाव-4302
बटरी
न्यूनतम भाव-2000
उच्चतम भाव-3561
उड़द
न्यूनतम भाव-3000
उच्चतम भाव-5570
गेहूं
न्यूनतम भाव -2086
उच्चतम भाव- 3030
धनिया
न्यूनतम भाव-6250
उच्चतम भाव-6700
तुअर
न्यूनतम भाव-6660
उच्चतम भाव-7020

### कृषि मंडी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मंडी में गुरुवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मंडी में 6859 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### जहरीला पदार्थ खाने से महिला की मौत



**त्योंदा।** गुरुवार को ग्राम मैनवाड़ा में एक 22 वर्षीय महिला ने अज्ञात कारणों के चलते घर में रखी कीटनाशक खा ली। परिजन बेहोशी की हालत में महिला को उपचार के लिए त्योंदा स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां पर उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई।

### दल ने की संपत्ती कर व जलकर वसूली



**गंजबासौदा।** गुरुवार को नगरपालिका दल द्वारा वार्ड क्रमांक 4 में पहुंचकर संपत्ति कर,जलकर वसूली की कार्वाई की गई।

# आठ साल से लापता नाबालिग को जयपुर से खोजकर परिजनों को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में गुमशुदा एवं अपहृत बालक-बालिकाओं की शीघ्र दस्तयाबी हेतु संचालित ऑपरेशन मुस्कान अभियान अंतर्गत शहर थाना पुलिस ने उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। पुलिस टीम द्वारा 8 वर्ष पूर्व घर से लापता हुए नाबालिग बालक को जयपुर राजस्थान से सकुशल दस्तयाब कर उसके परिजनों से मिलाया, जिससे परिवार में हर्ष का माहौल है।

जानकारी के अनुसार दिनांक 20 जनवरी 2019 को नाबालिक बालक के घर से बिना बताए चले जाने की सूचना पर परिजनों की रिपोर्ट के आधार पर शहर थाना में धारा 363 भादंवि के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे एवं एसडीओपी शिखा भलावी के मार्गदर्शन में नाबालिग बालक की पतारसी हेतु विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। थाना प्रभारी शहर संजय बेदिया के नेतृत्व में गठित




पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों, सतत प्रयासों एवं संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई करते हुए बालक को जयपुर राजस्थान से सकुशल दस्तयाब किया और बालक को विधिवत कार्रवाई के बाद उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया। इस मानवीय एवं प्रभावी कार्रवाई पर परिजनों ने पुलिस का आभार व्यक्त किया है। उक्त कार्रवाई में निरीक्षक संजय बेदिया, सियाराम शर्मा, आजाद सिंह, सरमन साहू, अरुण छारी, देवेंद्र उचरियां, शिवानी की विशेष सराहनीय भूमिका रही।

## पशु चिकित्सालय का वीडियो, कलेक्टर से शिकायत की

# फार्म सबमिट करने सुविधा शुल्क मांगने का वीडियो हो रहा वायरल

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

नगर के पशु चिकित्सालय में पदस्थ एक अधिकारी द्वारा मुख्यमंत्री डेयरी प्लस योजना में आवेदक से राशि मांगे जाने का वीडियो वायरल हो रहा है। बताया जाता है कि आवेदक ने इस वीडियो के साथ कलेक्टर को इस संबंध में शिकायत भी की है, हालांकि अभी तक इस मामले में क्या जांच या कार्रवाई हुई है इसकी जानकारी अप्राप्त है।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश सरकार के पशुपालन एवं डेयरी विकास मंत्री लखन पटेल ही विदिशा जिले के प्रभारी मंत्री हैं। इसके बावजूद पशुपालन विभाग के अधिकारी कर्मचारी विभाग की योजनाओं, दुग्ध उत्पादन बढ़ाने, पशुपालन की उन्नत तकनीक एवं योजनाओं का लाभ लोगों तक




पहुंचाने में दिलचस्पी नहीं ले रहे हैं। जिससे कई लोगों को विभागीय गतिविधियों एवं योजनाओं की पर्याप्त जानकारी ही नहीं मिल पा रही है। साथ ही अब पशु चिकित्सालय प्रभारी द्वारा योजना का लाभ दिलाने के लिए आवेदकों से राशि की मांग करने का मामला भी सामने आ गया है।

यह दावा किया जा रहा है कि मुख्यमंत्री डेयरी प्लस योजना का लाभ दिलाने के और फार्म सही समय पर सबमिट करने के लिए इस तरह की राशि की अनुचित तरीके से मांग की जा रही है। इसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहा है। हरिभूमि समाचार पत्र उक्त वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता। बताया जाता है कि यह मामला एक सप्ताह पहले का है, जिसमें पशुपालक से मुख्यमंत्री डेयरी प्लस योजना अंतर्गत आवेदन जमा करने के साथ 1000 सेवा शुल्क के तौर पर देने की मांग की जा रही है जो पशुपालकों को ठीक नहीं लगी और उन्होंने इसका एक वीडियो बनाकर कलेक्टर अंशुल गुप्ता को भी भेजा है।

इन दिनों पशु चिकित्सालय में व्याप्त अवस्थाओं और बैनेटरी डॉक्टर के इस तरह के रवैया से लगातार अवस्थाएं बनी हुई है जिससे पशुपालक तो परेशान हो ही रहे हैं साथ ही उनके साथ स्टाफ भी उनके इस रवैये से परेशान है। पशु चिकित्सालय में पदस्थ एक सहयोगी स्टाफ ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि जब से वर्तमान प्रभारी अस्पताल में हैं पशुपालकों से इसी तरह पैसों की वसूली की जा रही है। बीते दिनों मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के प्रवास कार्यक्रम में भी हुए खर्च का भुगतान पशुपालकों से ही इसी तरह मांगा गया था। वहीं बीते दिनों आए पशु विभाग के उपसंचालक स्तर के अधिकारी की सेवाएं और खाना आदि का बंदोबस्त भी एक पशुपालक के फार्म हाउस पर ही कराया गया था।

इस मामले में पशु चिकित्सालय प्रभारी आरएस उपाध्याय का कहना है कि मुझे इस वीडियो की कुछ समय पहले ही जानकारी प्राप्त हुई है। वीडियो मेरे कार्यालय का है लेकिन मेरी कभी किसी से इस तरह की बात नहीं हुई। वहीं जिला पंचायत सीईओ ओपी सनोडिया ने बताया कि पूरे प्रकरण की टीम बनाकर जांच की जा रही है। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही इस मामले में नियमानुसार आगामी कार्रवाई की जाएगी।

## नौ दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव शुरू



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

भगवान सीताराम की तपोस्थली चित्रकूट धाम में नौ दिवसीय सीताराम प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव अंतर्गत भरत जी के चरित्र की कथा एवं श्रीराम महायज्ञ का शुभारंभ गुरुवार को श्रद्धा और उल्लास के साथ कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। कलश यात्रा के प्रारंभ में नौलखी खालसा के श्रीमहंत राम मनोहर दास महाराज एवं कथा के मुख्य यजमान नगेंद्र उपाध्याय ममता उपाध्याय ने विधिवत पूजन संपन्न कराया। रामघाट पर मंदाकिनी जल भरकर चित्रकूटाधिपति महाराजाधिराज मत्तगजेंद्रनाथ महादेव के सान्निध्य में वैदिक पूजन कर महादेव को जल अर्पित कर रामघाट से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जो मुख्य मार्गों से होती हुई आयोजन स्थल सनकादिक तपोवन आश्रम पहुंची। यज्ञाचार्य पंडित केशव शास्त्री के आचार्यात्व में विधि-विधान से अनुष्ठान प्रारंभ हुआ। भरत चरित्र की यह कथा 19 से 28 फरवरी तक आयोजित होगी। नौ दिनों तक चलने वाली कथा में प्रतिदिन भरत चरित्र सहित रामकथा के विविध प्रसंगों का भी रसपान कराया जाएगा।

## मराठा, महाराष्ट्रीयन समाज ने मनाई जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



वीर शिवाजी की जयंती के अवसर पर गुरुवार को मराठा एवं महाराष्ट्रीयन समाज द्वारा मील रोड हितकारिणी धर्म शाला के पास दिनेश शर्मा के बाड़े में शिवाजी जयंती मनाई गई। जिसमें एडवोकेट निशांत देव ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज शिवाजी राजे भोसले के नाम से भी जाने जाते हैं।

भारत के एक महान योद्धा रणनीतिकार और कुशल शासक थे उनका जन्म 19 फरवरी 1630 में शिवनेरी के दुर्ग में हुआ था। उनके पिता बीजापुर के दरबार में एक उच्च अधिकारी थे। इतिहासकार अटक को मराठा साम्राज्य का अंतिम मोर्चा मानते थे। उन्होंने पेशावर पर हमला किया और भारत सम्राट छत्रपति शिवाजी ने मुगल शासक को समाप्त करने के लिए सदाशिव राव को दिल्ली भेजा। उनका एकमात्र लक्ष्य भारत को एक स्वतंत्र हिंदू राज्य स्थापित करना था और उन्होंने इसे हासिल भी किया जो लगभग 200 वर्षों तक अस्तित्व में रहा। ऐसे वीर योद्धा की जीवनी को पाठ्यक्रम में शामिल किए जाने की मांग भी मराठा और महाराष्ट्रीयन समाज ने आयोजन में रखी। निशांत देव ने शिवाजी के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि उनके जीवन से प्रेरणा लेकर अपने जीवन में शामिल करे। इस अवसर पर वीर शिवाजी के जीवन पर प्रकाश डाला गया। इस दौरान दिलीप देसाई, पूर्व पार्षद रुपेंद्र शर्मा, निशांत देव ने पूरा जीवन परिचय दिया, भाटे गुरु, संजय देव, विपिन देव, विनोद मराठा,विवेक अधिकारी, अनुराग ठाकुर, तनिश महाराज, वंश रघुवंशी, विशाल राजपूत आदि मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन साधू मराठा ने किया। वहीं कुर्मी क्षत्रिय समाज द्वारा क्षत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती समाज की धर्मशाला में मनाई गई। जिसमें क्षत्रपति शिवाजी महाराज के चित्र पर समाज जनों ने माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया व वक्ताओं ने शिवाजी महाराज द्वारा किए गए समाज हित के कार्यों और अपनी कुशल युद्ध नीति पर प्रकाश डाला। इस अवसर अनेक कुर्मी क्षत्रिय समाजबंधु मौजूद रहे।

# बटुकों की वार्षिक फीस की राशि का चेक महंत को भेंट किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

जीवाजीपुर स्थित संत जगन्नाथ दास संस्कृत विद्यालय में अध्ययनरत बटुक छात्रों की फीस की राशि का चेक वरिष्ट भाजपा नेता पूर्व केंद्रीय मंत्री विश्व हिंदू परिषद राजेश तिवारी ने आश्रम के महंत हरिहर दास महाराज को भेंट किया। ज्ञात हो कि तिवारी प्रत्येक वर्ष आश्रम में अध्ययनरत बटुकों की संपूर्ण फीस की राशि आश्रम को प्रदान करते हैं, इसी क्रम में प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी उन्होंने आश्रम के महंत को फीस की राशि के रूप में 50 हजार रुपए का चेक प्रदान किया है। आश्रम के महंत हरिहर दास महाराज ने बताया कि आश्रम में अध्ययनरत कई छात्रों के परिजन अत्यंत गरीब परिवार के हैं लेकिन तिवारी के इस पुनीत कार्य से सब निश्चिंत हैं, वे प्रत्येक वर्ष स्वयं आते हैं और छात्रों की फीस समय पर देते हैं। वेदांत आश्रम के समस्त सदस्यों एवं अध्ययनरत छात्रों ने तिवारी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# अखिल भारतीय सनाढ्य ब्राह्मण परिषद की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

बुधवार को अखिल भारतीय सनाढ्य ब्राह्मण परिषद की बैठक बरीघाट रोड स्थित फार्म हाउस पर आयोजित की गई। बैठक में निर्णय लिया गया की होली पर्व के अवसर पर ब्राह्मण समाज के अनरय बाले घरों की सूची तैयार की गई है, होलिका दहन के बाद उन अनरय वाले घरों तक पहुंच कर रंग गुलाल आदि लगाकर अनरय मिटाएंगे एवं शीघ्र ही सनाढ्य ब्राह्मण समाज परिषद के 50 वर्ष पूर्ण होने के उपरांत शीघ्र वर्ष गांठ मनाएंगे। गुरुवार को सनाढ्य ब्राह्मण समाज की अमृता करुणेश्वरी का कथा के दौरान भाटन माता मंदिर पठारपुरा पहुंचकर स्वागत सम्मान किया गया। बैठक में दीपक तिवारी, दिनेश दंडोतिया,भारत पाठक, पुरुषोत्तम उपाध्याय, विष्णु प्रसाद शर्मा, शिव मोहन पाराशर, सतीश शर्मा ,पं अभिषेक तिवारी, अभिषेक शर्मा ,दीपक पाराशर, मुन्नालाल शर्मा सहित ब्राह्मण समाज के बंधु उपस्थित रहे।

# शिवाजी जयंती के उपलक्ष्य में छात्रों को स्टेशनरी वितरित की



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

गुरुवार को शिवाजी जयंती के उपलक्ष्य में शिवसेना द्वारा वेदांत आश्रम पहुंचकर शिवाजी महाराज के चित्र पर मल्यार्पण कर शिवाजी जयंती मनाई गई। इस दौरान वेदांत आश्रम के छात्रों को स्टेशनरी, फल, मिठाई वितरित की गई। इस अवसर पर शिवसेना के विजेंद्र देवा लोधी, जिला मंत्री जितेंद्र कुशवाहा, मनीष कुर्मी, नगर अध्यक्ष अनिकेत राजपूत, अमोल लोधी, रोहित राजपूत, राहुल लोधी, सुरेश लोधी, संतोष, नंदकिशोर, अरुण सहित अनेक शिव सैनिक उपस्थित रहे।

# छात्राओं को किया जागरुक



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

गुरुवार को सुभद्रा शर्मा शासकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय कार्यबल मानसिक स्वास्थ्य एवं छात्र कल्याण के अंतर्गत तृतीय सप्ताह की निर्धारित गतिविधियों का आयोजन कार्यक्रम प्रभारी वक्ता सीवली अहिरवार सहायक प्राध्यापक अंग्रेज़ी द्वारा किया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ अनामिका प्रजापति के मार्गदर्शन में प्रारंभ हुआ।

सर्वप्रथम उन्होंने छात्राओं को सकारात्मक सोच रखने का सन्देश दिया और 'बात करें बोझ हल्का करें' अभियान के अंतर्गत छात्राओं को अपनी मानसिक समस्याओं पर खुलकर बात करने के लिए प्रोत्साहित किया। मानसिक स्वास्थ्य की देखरेख हेतु महाविद्यालय स्तर पर एक समर्पित सेल का गठन किया गया। शिव कुमारी रघुवंशी, सहायक प्राध्यापक इतिहास ने छात्राओं के मानसिक उत्साह हेतु आर्ट, म्यूज़िक, कविता पाठ एवं सकारात्मक स्लोगन लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया, जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। NTF प्रभारी डॉ अपेक्षा बाजपेई, सहायक प्राध्यापक वनस्पति शास्त्र ने छात्राओं के बीच आपसी सहयोग बढ़ाने हेतु Peer Support Group का गठन करवाया एवं PSL को नामित कर प्रथम बैठक आयोजित की गई। डॉ. बृजेश वर्मा ने महाविद्यालय परिसर में छात्राओं की समस्याओं के निराकरण एवं उचित मार्गदर्शन हेतु एक काउंसलिंग डेस्क स्थापित किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय का समस्त शैक्षणिक स्टाफ एवं छात्राएं उपस्थित रहीं। यह कार्यक्रम छात्राओं के मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता एवं समग्र व्यक्तित्व विकास के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हुआ।

## विद्यार्थियों ने भेंट की राधा-कृष्ण की तस्वीर, भावुक हुए शाला प्रभारी

# शासकीय शाला में छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह संपन्न






हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

शासकीय प्राथमिक शाला कालापठार के कक्षा 5 के छात्र छात्राओं का विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर छात्रों ने राधे कृष्ण की इलेक्ट्रॉनिक तस्वीर शाला प्रभारी प्रथ्वी सिंह रघुवंशी को भेंट की तो वह भावुक हो गये। छात्रों को सम्बोधित करते हुए शाला प्रभारी ने कहा कि मैने तुम्हे अपने परिवार का सदस्य मानकर शिक्षा संस्कार देने मे कोई कसर नही छोड़ी आप सबने भी हमें गुरू, अविभावक समझकर हमारी दी गयी शिक्षा को माना आप जैसे कम ही शालाओं में छात्र होंगे। आप जिस शाला में भी जाएं हमेशा हमारी दी गयी शिक्षा, सीख का पालन करते हुए आगे बढें, तुम हमे हमेशा याद आओगे।

इस दौरान छात्रा देविका गुप्ता ने कहा कि आप हमे पढ़ाते हैं, आप हमें समझाते हैं हम बच्चों का जीवन आप ही सफल बनाते हो। वहीं मोहनी अहिरवार ने कहा कि आप सिर्फ हमें पढ़ाते नहीं बल्कि हमारे सपनों को पंख बना देते हो आप दुनिया के सबसे अच्छे शिक्षक हो। वहीं कंचन अहिरवार, आरती अहिरवार ने कहा अगर ऐसे शिक्षक और शालाएं हों तो छात्रों को आगे बढ़ने से कोई नही रोक सकता, परिवार के मुखिया की तरह हमेशा हम सब के भविष्य की चिंता की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीएसी प्रकाश दीक्षित, विशेष अतिथि माधवी भाटिया, तृप्ति तिवारी ने कहा कि जिले में कालापठार जैसी शाला नही है जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों ने भी निरीक्षण करते हुए यह माना।

इस अवसर पर गोपालदास अहिरवार, रानी रघुवंशी ने भी सभी छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्र, छात्राओं को ग्रुप फोटो भेंट किए गए।

## घरेलू कंपोस्टिंग विषय पर कार्यक्रम संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 के अंतर्गत नगर पालिका परिषद द्वारा गुरुवार को शासकीय कन्या मंडी शाला में घरेलू कंपोस्टिंग विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को स्वच्छता, कचरा प्रबंधन एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को घर में निकलने वाले गीले एवं सूखे कचरे से खाद बनाने की सरल एवं उपयोगी विधि की जानकारी दी गई। मटके के माध्यम से कचरे को अलग-अलग डालकर कंपोस्ट तैयार करने की प्रक्रिया को व्यवहारिक रूप से समझाया गया। जिससे छात्राओं को घरेलू स्तर पर कचरा प्रबंधन की सही समझ प्राप्त हुई। इस अवसर पर पूर्व स्वास्थ्य अधिकारी आर.के. नेमा सहित नगर पालिका परिषद के आईईसी गतिविधि समन्वयक एवं आवरण सोशल वेलफेयर समिति की टीम उपस्थित रही। सभी अतिथियों ने छात्राओं को स्वच्छता अपनाने, घर पर ही जैविक खाद तैयार करने तथा पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।

## खबर संक्षेप

### युवा संगम का आयोजन 23 फरवरी को

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में जिला प्रशासन द्वारा युवाओ को रोजगार एंव स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार विभाग तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग द्वारा संयुक्त रूप से युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन 23 फरवरी को प्रातः 11 बजे से शासकीय संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आई.टी.आई) सागर के परिसर में किया जाएगा। आयोजित युवा संगम कार्यकम में रोजगार मेला तथा अप्रेन्टिसशिप मेला के माध्यम से निजी क्षेत्र के प्रतिनिधियों द्वारा उपस्थित आवेदको का साक्षात्कार लेकर चयन किया जावेगा। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न स्वरोजगार योजनाओ की जानकारी तथा ऋण उपलब्ध कराया जायेगा। आवेदको कों साक्षात्कार के लिये रोजगार कार्यालय का पंजीयन, संमग्र आई डी, दो पासपोर्ट साइज के फोटो, शैक्षणिक योग्यता संबंधी (अंकसूची) प्रमाण पत्र अपने साथ आवश्यक रूप से लाये। कंपनीयों के प्रतिनिधियों द्वारा उपस्थित आवेदकों का साक्षात्कार के माध्यम से विभिन्न पदों के लिये चयन किया जावेगा।

### बीज सखी का प्रशिक्षण हुआ प्रारंभ

**सागर।** बीजों की साखी का आज प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ बी बैंक का डेमोंसट्रेशन मॉडल बनाया महिलाओं ने देसी शब्द की परिभाषा का बयान किया हल्दी और चिकट रस्म के वैवाहिक गीतों को गाया गया। देसी एवं पारंपरिक बीजों के संरक्षण के लिए जिले में आज बीजों की साखी का दो दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ। कलेक्टर संदीप जी आर की पहल पर सागर जिले में लुफ्तहांसा बीजों की प्रजातियां को पुनर्जीवन देने के लिए पारंपरिक फसलों से किसानों को जोड़े जाने के लिए अधिक उत्पादन लेने की होड़ में अपनी देसी परंपरा की सुरक्षा के लिए इस प्रशिक्षण की शुरुआत की गई है। आज महिलाओं ने 20 से अधिक प्रजातियों के बीजों को अपने साथ लाईं।

### छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती पर शिक्षकों ने गो सेवा कर किया स्मरण



**विदिशा।** वीर शिवाजी जयंती के अवसर पर श्री गोपाल कृष्ण गोशाला में शिक्षा विभाग की गो सेवा एवं पर्यावरण संरक्षण सेवा समिति द्वारा विशेष गो सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विजय श्रीवास्तव, उमेश ताम्रकार, अरविंद अवस्थी, हरिहर चतुर्वेदी, मुकेश खरे, रामशरण, ज्ञानचंद, संजीव शर्मा, मनोज माली, बृजेश बबेले, प्रकाश यादव, खुशीलाल चौकसे, शालिकराम सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

### एचपीवी टीकाकरण को लेकर स्वास्थ्य कर्मियों का प्रशिक्षण आयोजित

**विदिशा।** टीकाकरण कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सीएमएचओ डॉ. रामहित कुमार की अध्यक्षता में प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इसमें ग्यारसपुर व पीपलखेड़ा क्षेत्र के कम्यूनिटी हेल्थ ऑफिसर सहित संबंधित स्वास्थ्य कर्मियों ने भाग लिया।
प्रभारी जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. हेमंत पंचोली ने टीकाकरण प्रक्रिया, पात्र हितग्राहियों की पहचान, सुरक्षित भंडारण, तकनीकी सावधानियों तथा रिपोर्टिंग व्यवस्था पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया। सीएमएचओ ने निर्देश दिए कि सभी स्वास्थ्य कर्मी क्षेत्र में पात्र किशोरियों की समय पर पहचान कर उन्हें टीकाकरण से लाभान्वित करें। उन्होंने बताया कि एचपीवी टीका महिलाओं को गंभीर बीमारियों से बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, इसलिए किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। प्रशिक्षण के दौरान शंकाओं का समाधान कर प्रभावी जागरूकता अभियान चलाने पर भी जोर दिया गया।

**मुख्य सचिव अनुराग जैन ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कलेक्टरों को दिए निर्देश**

# आंगनबाड़ी केंद्रों में शत प्रतिशत बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित कराएं: मुख्य सचिव अनुराग जैन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

मुख्य सचिव मध्यप्रदेश शासन अनुराग जैन ने प्रदेश की आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश कलेक्टरों को दिए हैं। उन्होंने कहा है कि बच्चों को प्राथमिक स्तर की शिक्षा मुहैया कराना आवश्यक है। इसके लिए आंगनबाड़ी केन्द्रों में शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित होना चाहिए। उन्होंने कहा है कि आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कराने के लिए शिक्षा विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग संयुक्त रूप से कार्य करें। उन्होंने कहा कि अप्रैल माह से चालू होने वाले नवीन शिक्षा सत्र में शत प्रतिशत छात्र-छात्राओं को स्कूलों में प्रवेश दिलाने के लिए कार्य योजना तैयार करें। उन्होंने कहा कि स्कूलों में प्रवेश से वंचित छात्र-छात्राओं की संख्या नगण्य हो। इसके सतत प्रयास किए जाएं तथा शैक्षणिक कैलेंडर का पालन सुनिश्चित किया जाए। उक्त निर्देश प्रदेश के मुख्य सचिव अनुराग जैन ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी कलेक्टरों एवं प्रमुख अधिकारियों को दिए।




वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में मुख्य सचिव ने स्कूलों में बालिकाओं के लिए बनाए जा रहे बालिका शौचालयों के निर्माण की प्रगति की जिलेवार समीक्षा करते हुए कहा कि बालिका शौचालयों का निर्माण सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ किया जाए तथा यह कार्य मार्च माह के अंत तक पूर्ण हो जाना चाहिए। य सचिव ने प्रदेश के सभी कलेक्टरों को निर्देश दिए कि वे क्षतिग्रस्त भवनों की सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ मरम्मत करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि स्कूल भवनों में किसी भी प्रकार की दुर्घटना न हो, यह सभी कलेक्टर सुनिश्चित करें। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में उद्योग विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की जिलेवार समीक्षा करते हुए मुख्य सचिव ने कहा कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत लोगों को कुटीर उद्योग स्थापित करने के लिए निरंतर प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अधिक से अधिक प्रकरण तैयार कर बैंकों को प्रेषित कराएं तथा हितग्राहियों को बैंकों के माध्यम से ऋण मुहैया कराकर कुटीर उद्योग स्थापित कराने के लिए सतत रूप से प्रोत्साहित करें।

मुख्य सचिव ने कहा कि कलेक्टर्स शासन द्वारा संचालित स्वारोजगार योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित कराएं और लोगों की आमदनी बढ़ाने के सतत प्रयास करें। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्य योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए मुख्य सचिव ने प्रदेश के सभी कलेक्टरों को निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्य योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं तथा इस योजना के संबंध में किसानों को समुचित जानकारी मुहैया कराएं तथा किसानों को इस योजना से लाभ उठाने के लिए सतत रूप से प्रोत्साहित करें।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में मुख्य सचिव ने रूफटॉप सौर योजना की भी जिलेवार समीक्षा की तथा इस योजना की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाने, योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करने तथा योजना का लाभ लोगों को दिलाने के भी निर्देश प्रदेश के सभी कलेक्टरों को दिए।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में मुख्य सचिव ने प्रदेश के कलेक्टरों को निर्देश दिए कि लोक सेवा प्राधिकरण के तहत लोगों को सहजता से सेवाएं मुहैया कराएं। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में मुख्य सचिव द्वारा अन्य योजनाओं की भी समीक्षा की गई। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## संकल्प से समाधान के द्वितीय चरण में शिविर का आयोजन




हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

संकल्प से समाधान अभियान के द्वितीय चरण अंतर्गत नगर के वार्ड क्रमांक 9,10, एवं 11 के शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयोजित शिविर में संकल्प से समाधान अभियान के प्रथम चरण में जो हितग्राहियों के आवेदन प्राप्त हुए थे उनका निराकरण कर द्वितीय चरण में हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है। तो वही वार्ड क्रमांक 9,10, एवं 11,12 हितग्राहियों को वार्ड पार्षद द्वारा लाभान्वित कर स्वीकृति पत्र वितरण किए गए। इस मौके पर पार्षद जय नारायण सेन,राजू कुशवाह,धर्मेंद्र जैन,उपयंत्री अखिलेश मार्को,समग्र विस्तार अधिकारी संतोष सहरिया,बद्री प्रसाद शर्मा,कुमारी ज्योति दुबे सहित निकाय के अधिकारी कर्मचारी एवं अधिक संख्या में हितग्राही उपस्थित रहे।

### खुरई क्षेत्र की 4 सड़कों के लिए 49.05 करोड़

सागर। राज्य के बजट 2026-27 में खुरई विधानसभा क्षेत्र में चार सडकों के निर्माण के लिए 49.05 करोड का वित्तीय प्रावधान करने के लिए पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने मुख्यमंत्री डा.मोहन यादव का आभार व धन्यवाद ज्ञापित किया है। विधानसभा में वित्त मंत्री जगदीश देवडा द्वारा प्रस्तुत किए गए बजट में उन चार महत्वपूर्ण सडकों के निर्माण के लिए वित्तीय प्रावधान किया है।

### विकासखंड शाहगढ़ में खंड स्तरीय बैठक का आयोजन

सागर। कृषक कल्याण वर्ष 2026 अंतर्गत विकासखंड शाहगढ़ में खंड स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, कृषि एवं सहकारिता विभाग के अधिकारी व कर्मचारी, किसान संघ के पदाधिकारी, उर्वरक विक्रेता, क्षेत्र के किसान बंधु, कृषि सखियां, उन्नतशील कृषक आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य धरती माता बचाओ अभियान, जैविक प्राकृतिक खेती, पराली प्रबंधन, प्रति बूंद अधिक फसल, ई उर्वरक टोकन प्रणाली आदि के बारे में कृषकों को जानकारी देना है। कार्यक्रम में प्रशिक्षक के रूप वरिष्ठ वैज्ञानिक और प्रमुख कृषि विज्ञान केंद्र, देवरी डॉ.आशीष त्रिपाठी जी ने जैविक प्राकृतिक खेती, पराली प्रबंधन, प्रति बूंद अधिक फसल बिषयों पर जानकारी दी। धरती माता बचाओ अभियान को उपसंचालक कृषि राजेश त्रिपाठी द्वारा समझाया गया।

## न्यायालय के परिसर में 14 मार्च को आयोजित होगी नेशनल लोक अदालत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

न्यायालय प्रांगण में प्रस्तावित 14 मार्च 2026 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के दिशा निर्देश अनुसार नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजक के लिए केटेगरी अनुसार प्री लिटिगेशन एवं न्यायालय में लंबित प्रकरणों के निराकरण हेतु सिरोंज तहसील विधिक सेवा समिति द्वारा तीन खंड पीठों का गठन किया गया। प्रथम खंड पीठ में पीठासीन अधिकारी विजय कुमार पांडे द्वितीय जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सिरोंज के रूप में बनाए गए एवं खंडपीठ द्वितीय पीठासीन अधिकारी श्रीमती मोना शुक्ला पांडे द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सिरोंज को पीठासीन अधिकारी बनाया गया। खंड पीठ तृतीय के पीठासीन अधिकारी सुश्री




अंकित जैन व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड एवं न्यायिक मस्टर्ड प्रथम श्रेणी सिरोंज को विदेशी अधिकारी बनाया गया। इस नेशनल लोक अदालत में प्रथम खंडपीठ में अधिवक्ता संघ से खंडपीठ में खुला करता अधिवक्ता के रूप में सुरेंद्र दांगी अधिवक्ता द्वितीय खंडपीठ में अधिवक्ता मनोहर रघुवंशी तृतीय खंडपीठ में सतीश शर्मा अधिवक्ता का नाम प्रस्तावित किया गया। इस नेशनल लोक अदालत में सर्वोच्च न्यायालय में लंबित सिविल एवं आपराधिक एवं समस्त प्रकार के राजीनामा योग प्रकरणों में राजीनामा कराया जाएगा। 14 मार्च 2026 को होने वाली नेशनल लोक अदालत की तैयारी न्यायालय परिवार द्वारा जोर शोर से की जा रही है। नेशनल लोक अदालत की तैयारी को लेकर न्यायालय द्वितीय परिषद न्यायाधीश विजय कुमार पांडे एवं न्यायाधीश श्रीमती मोना शुक्ला न्यायाधीश अंकित जैन ने अभिभाषक संघ के वरिष्ठ अधिवक्ताओं से चर्चा की। वही चर्चा के दौरान अधिक से अधिक राजीनामा योग प्रकरणों में राजीनामा करने का सुझाव दिया। उक्त जानकारी अभिभाषक संघ के मीडिया प्रभारी अशोक शर्मा द्वारा दी गई।

## कलेक्टर ने पीएचई कार्यालय का निरीक्षण किया

- रिकॉर्ड रूम में पुराने अभिलेख अव्यवस्थित होने पर नाराज।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

अंशुल गुप्ता ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री कार्यालय का औचक निरीक्षण कर कार्यालयीन व्यवस्थाओं, अभिलेख संधारण और योजनाओं के क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं को अधिक सुव्यवस्थित, पारदर्शी और जवाबदेह बनाने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

कलेक्टर ने शासन की नलजल योजनाओं की संपूर्ण जानकारी सूचना पटल पर प्रदर्शित करने तथा जिले के सभी हैंडपंपों की स्थानवार सूची तैयार कर सार्वजनिक करने को कहा, ताकि आम नागरिकों को आवश्यक जानकारी आसानी से मिल सके। रिकॉर्ड रूम में पुराने अभिलेख अव्यवस्थित पाए जाने पर उन्हें वर्षवार वर्गीकृत कर सुरक्षित रखने और अनुपयोगी उपकरणों को नियमानुसार राइट ऑफ करने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने शाखा की अलमारियों में रखे अभिलेखों की सूची बाहर प्रदर्शित करने तथा कर्मचारियों के नाम, पदनाम और मोबाइल नंबर सहित नेम प्लेट लगाने पर जोर दिया।

कलेक्टर ने कहा कि शासन योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन और आमजन को बेहतर सेवाएं देना सर्वोच्च प्राथमिकता है। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन यंत्री अनुपम गोहई सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## गंभीर कुपोषित बच्चों की एनआरसी में अनिवार्य भर्ती, लापरवाही करने पर कार्रवाई की चेतावनी

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता की समीक्षा बैठक के बाद महिला एवं बाल विकास विभाग ने गंभीर कुपोषित बच्चों को पोषण पुनर्वास केंद्र में अनिवार्य रूप से भर्ती कराने के निर्देश जारी किए हैं।

जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीता लोढ़ा ने स्पष्ट किया कि चिन्हित सभी बच्चों की तत्काल भर्ती प्राथमिकता होगी और किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। आंगनवाड़ी केंद्रों से अद्यतन सूची तैयार कर सत्यापन करना, आशा व आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से अभिभावकों से समन्वय स्थापित कर शत-प्रतिशत भर्ती सुनिश्चित करना तथा प्रतिदिन प्रगति रिपोर्ट परियोजना कार्यालय को भेजना अनिवार्य किया गया है।

जिन क्षेत्रों में भर्ती कम होगी, वहां संबंधित पर्यवेक्षक जिम्मेदार माने जाएंगे। लक्ष्य समय पर पूरा न होने पर संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## सड़क सुरक्षा विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई



हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

गर्ल्स कॉलेज के मानक क्लब एवं भारतीय मानक ब्यूरो के संयुक्त तत्वावधान में सड़क यातायात सुरक्षा प्रबंधन विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. बीडी अहिरवार ने किया।

उन्होंने छात्राओं को यातायात नियमों का पालन करने, सावधानी बरतने तथा जिम्मेदार नागरिक बनने का संदेश दिया। प्रतियोगिता में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर सड़क सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार प्रस्तुत किए। परिणामों में मुस्कान साहू प्रथम, अनुष्का रजक द्वितीय, भूमिका जैन तृतीय और शैली श्रीवास्तव चतुर्थ स्थान पर रहीं। विजेता छात्राओं को प्राचार्य द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संयोजन प्रो. राम आशीष यादव ने किया। संचालन अभिलाषा साहू तथा धन्यवाद ज्ञापन गजेंद्र सिंह राजपूत ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर महाविद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

## आनंदपुर लटेरी में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण, महिला सुरक्षा व बाल संरक्षण पर जोर

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशन और महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीता लोढ़ा के मार्गदर्शन में सतगुरु सेवा ट्रस्ट, आनंदपुर लटेरी में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित हुआ। इसमें जिले की 150 से अधिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। प्रशिक्षण का उद्देश्य महिला सुरक्षा, जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम और बाल संरक्षण पर कार्यकर्ताओं को सशक्त बनाना रहा। विशेषज्ञों ने घरेलू हिंसा, बाल विवाह, बाल श्रम और बाल शोषण की पहचान व रोकथाम के उपाय बताए तथा पीड़ितों को शासकीय योजनाओं से जोड़ने की प्रक्रिया समझाई। पोषण ट्रैकर ऐप, आभा आईडी और अपार आईडी की उपयोगिता पर भी मार्गदर्शन दिया गया। प्रश्नोत्तर सत्र में कार्यकर्ताओं की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया तथा उनकी भूमिका को महिला सशक्तिकरण की महत्वपूर्ण कड़ी बताया गया।

## सीता स्वयंवर की कथा सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु

**ग्यारसपुर।** ग्राम औलिजा में आयोजित श्रीराम कथा के विश्राम दिवस पर सीता स्वयंवर एवं राम विवाह का अलौकिक प्रसंग श्रद्धालुओं को श्रवण कराया गया। कथा व्यास जगदीश नारायण शर्मा ने प्रवचन से पूरे पंडाल को भक्तिमय बना दिया, जनकपुरी में आयोजित स्वयंवर का विस्तार से वर्णन करते हुए उन्होंने बताया कि किस प्रकार भगवान श्रीराम ने शिव धनुष को उठाकर प्रत्यंचा चढ़ाई और धनुष भंग कर माता सीता का वरण किया। इस दिव्य प्रसंग का वर्णन सुनते ही श्रद्धालु भावविभोर हो उठे और जय श्रीराम के उद्घोष से वातावरण गूंज उठा। राम विवाह के मंगल गीतों के साथ पूरा क्षेत्र भक्तिरस में डूब गया। कार्यक्रम की यजमानी दयाराम चिरंजीवी तोरण कुशवाहा द्वारा की गई। ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित इस श्री राम कथा में भगवान की विभिन्न लीलाओं का श्रद्धा,



आस्था और विश्वास के साथ अमृतमय रसपान कराया गया। कथा व्यास ने कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन मर्यादा, त्याग और आदर्शों की प्रेरणा देता है। विश्राम दिवस पर भजन-कीर्तन एवं प्रसाद वितरण का आयोजन भी किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। पूरा ग्राम भक्ति और उल्लास के वातावरण में सराबोर नजर आया।

## डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण में जिले के 51% गांवों में 90% से गिरदावरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

रबी वर्ष 2025-26 के अंतर्गत डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण की प्रगति को लेकर जारी जिला स्तरीय रिपोर्ट में जिले में गिरदावरी कार्य तेजी से पूर्ण किया जा रहा है।

जिले के कुल 1661 गांवों में से 849 गांवों में 90% से अधिक गिरदावरी का कार्य पूर्ण हो चुका है, जो कुल गांवों का 51.11% है। रिपोर्ट में बताया गया कि जिले में कुल 587 हल्कों के अंतर्गत सर्वेक्षण किया जा रहा है। इनमें 619 गांव (37.27 प्रतिशत) ऐसे हैं जहां 50 से 90 प्रतिशत तक गिरदावरी पूर्ण हो चुकी है, जबकि 193 गांव (11.62 प्रतिशत) में अभी 50 प्रतिशत से कम कार्य पूरा हुआ है।

तहसीलवार प्रगति की बात करें तो बासौदा तहसील में सर्वाधिक 70.43 प्रतिशत गांवों में 90 प्रतिशत से अधिक गिरदावरी पूर्ण हो चुकी है। इसके अलावा ग्यारसपुर में 65.89 प्रतिशत, पठारी में 62.69 प्रतिशत और कुरवाई में 59.12 प्रतिशत गांवों में गिरदावरी का कार्य 90 प्रतिशत से अधिक पूरा हो चुका है। वहीं सिरोंज, लटेरी, विदिशा और नटेरन तहसीलों में गिरदावरी का कार्य प्रगति पर है और इन क्षेत्रों में भी तेजी से कार्य पूर्ण करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

Vehicle Available for Sale
MAKE -
MARUTI EECO 5 SEATER
MODEL - 2023
RC No- MP-04-ZQ-6689
ENGINE NO.-
K12NN4153278
CHASSIS No.-
MA3JDT08WPKC49819
Contact- Sundaram Finance Ltd. Vidisha (M.P.)
M. 7880190815
9425602847

# मातृ और शिशुओं की मौतों के बाद जागा स्वास्थ्य विभाग सीएमएचओ ने की मृत्यु कारणों की समीक्षा

- सिर्फ कागजों में दिखाई जा रही है बाजीगरी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतर कार्य हो इसके लिए सरकार करोड़ों रुपए खर्च कर रही है। प्रोत्साहन राशि भी दी जा रही है। जिससे स्वास्थ्य मेहकमे के अधिकारी और निचले स्तर के कर्मचारी जिम्मेदारी के साथ काम करें और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार लाया जा सके। इसके विपरीत जिले में मातृ मृत्यु दर और शिश मृत्युदर में इजाफा हो रहा है।




इन्हे रोकने के लिए पहले से स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कोई प्रयास नहीं करते। सिर्फ आंकड़ों की बाजीगरी दिखाकर वाहवाही लूटी जाती है। जैसे ही बात वरिष्ठ अधिकारियों कार्रवाई पर आती है तो निचले स्तर के कर्मचारियों पर सख्ती शुरू कर दी जाती है। अब जब जिले में मातृ मृत्यु दर बढ़ी तो सीएमएचओ डॉ. रामहित कुमार की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में इस माह हुई सभी मातृ मृत्यु के मामलों की जांच की गई।

डॉ. पुनीत माहेश्वरी सहित जिला स्वास्थ्य अधिकारियों ने हर प्रकरण के कारण, उपचार प्रक्रिया, संस्थागत व्यवस्थाओं और संबंधित स्वास्थ्य केंद्रों की भूमिका का परीक्षण किया। सीएमएचओ ने गर्भवती महिलाओं की नियमित जांच, उच्च जोखिम गर्भावस्थाओं की समय पर पहचान और प्रसव पूर्व-पश्चात देखभाल करने के निर्देश दिए। जबकि यही काम पहले किया जाता तो मातृ और शिशु मृत्यु दर में इजाफा ही नहीं होता। सीएमएचओ ने आशा कार्यकर्ताओं, एएनएम और स्वास्थ्य अमले को क्षेत्रीय निगरानी मजबूत कर समय पर उपचार उपलब्ध कराने को कहा गया। सीएमएचओ डॉक्टर रामहित कुमार ने सुरक्षित मातृत्व को बढ़ावा देने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को और प्रभावी बनाने के प्रयास जारी रखने के निर्देश दिए हैं।

## बजट पर व्यापारियों ने कहा - कर ढांचे में स्थिरता और एमएसएमई को बताया प्रोत्साहन को सकारात्मक

बजट को लेकर जनप्रतिनिधियों और लोगों की रही मिली-जुली प्रतिक्रियाएं

पर्यटन क्षेत्र में भी बड़ी सौगात मिली, किले को जल्द ही मिलेगा रोप-वे

# बजट पर सियासत: भाजपा ने विकासोन्मुखी बताया, कांग्रेस ने कहा-बजट में कुछ खास नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

मध्यप्रदेश सरकार के बजट 2026 में जिले को कई सौगातें मिलीं, लेकिन कई अहम मांगें अधूरी भी रह गईं। जिले के चारों विधानसभा क्षेत्र रायसेन, सांची, सिलवानी और बेगमगंज को अलग-अलग परियोजनाओं में तबज्जों मिली है। वहीं आमजन और गृहणियों ने बजट को "मिश्रित" बताया। वहीं केंद्र व प्रदेश सरकार के बजट को लेकर जिले में राजनीतिक तापमान भी चढ़ गया है। जहां भाजपा नेताओं ने बजट को लेकर इसे विकासोन्मुखी और जनकल्याणकारी बताया, तो कांग्रेस ने इसे झूठ का पुलिंदा बताया।


शहर के व्यापारियों ने बजट को लेकर मिश्रित प्रतिक्रिया दी। कुछ व्यापारियों ने कर ढांचे में स्थिरता और एमएसएमई को प्रोत्साहन को सकारात्मक बताया। वहीं छोटे दुकानदारों का कहना है कि बाजार में मांग कमजोर है। ऐसे में टैक्स राहत और आसान ऋण की जरूरत थी।

छात्रों ने शिक्षा व कौशल विकास योजनाओं को सकारात्मक बताया, लेकिन रोजगार पर स्पष्ट रोडमैप की मांग की। समाजसेवियों ने कहा कि यदि योजनाओं का पारदर्शी क्रियान्वयन हुआ तो जिले में बदलाव संभव है, अन्यथा यह बजट भी केवल घोषणाओं तक सीमित रह जाएगा। कुल मिलाकर बजट पर सियासी बयानबाजी तेज है। अब नजर इस बात पर है कि घोषित योजनाएं जमीनी स्तर पर कितना असर दिखाती हैं।

### गृहणियों की बड़ी चिंताए: कहा रसोई का बिगड़ा गणित

गृहणियों ने कहा कि गैस, खाद्य सामग्री और रोजमर्रा की जरूरतों की कीमतों में राहत की उम्मीद थी। अगर महंगाई पर सीधा असर नहीं पड़ा तो बजट का फायदा आम परिवार तक कैसे पहुंचेगा? यह सवाल कई महिलाओं ने उठाया।

### सांची विधायक डॉ चौधरी ने कहा- ये सभी परियोजनाएं सांची विधानसभा के विकास में मील का पत्थर साबित होंगी। नई सड़कों के निर्माण से आवागमन सुगम होगा।



### सांची को बजट में 50 करोड़ की 4 सड़कों की सौगात

मध्यप्रदेश शासन के बजट सत्र में सांची विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए करोड़ों रुपए के प्रावधान करने पर भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सांची विधायक डॉ.



प्रभुराम चौधरी ने मुख्यमंत्री मोहन यादव, केंद्रीय मंत्री एवं विदिशा संसदीय क्षेत्र के सांसद शिवराज सिंह चौहान, वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा तथा लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया है। डॉ. प्रभुराम चौधरी ने कहा कि यह बजट प्रदेश की समग्र प्रगति के साथ-साथ सांची विधानसभा क्षेत्र की विकासात्मक आवश्यकताओं को पूर्ण करने वाला है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन सरकार अपने विकास संकल्प को धरातल पर उतारते हुए आधारभूत संरचना को सुदृढ़ बनाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है।

### ये मिली सौगात

बजट में सांची विधानसभा क्षेत्र की प्रमुख सड़कों के निर्माण एवं उन्नयन के लिए उल्लेखनीय राशि स्वीकृत की गई है। इसमें भोपाल-सागर मार्ग से कांठ सेमरा, बरामद सौंथर एवं सौंथर से अहमदपुर मार्ग के लिए 40 करोड़ रुपए, कढ़ैया हनुमान मंदिर से तिजालपुर मार्ग के लिए 4.31 करोड़, गैरतगंज में जुझारपुर से ऊंटकटा मार्ग के लिए 3 करोड़ तथा सेमरा से बेलनागढ़ी सड़क के लिए 1.93 करोड़ रु. का प्रावधान किया है।

### बजट पर प्रतिक्रियाएं

### भाजपा का पक्ष: हर वर्ग का रखा है ध्यान



■ राकेश शर्मा, जिला अध्यक्ष भाजपा, रायसेन

बजट में किसानों, युवाओं, महिलाओं और लाड़ली बहनों,मध्यम वर्ग को विशेष प्राथमिकता दी गई है। पार्टी नेताओं के अनुसार सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और ग्रामीण विकास के लिए बढ़े प्रावधानों से रायसेन जिले को भी सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने दावा किया कि बुनियादी ढांचे और रोजगार सृजन पर फोकस से आने वाले समय में जिले की तस्वीर बदलेगी।

बजट में मिली मंजूरी सड़कों के साथ ही बनेंगे नए पुल भी

### बारना की नहरों से होगी उद्वहन सिंचाई बजट में करोड़ों की राशि स्वीकृत

**बरेली।** विधानसभा में प्रस्तुत हुए बजट में उदयपुरा-बरेली विधान सभा क्षेत्र के किसानों को बड़ी सौगात मिली है। बारना वृहद सिंचाई परियोजना से बरेली, उदयपुरा तहसीलों के किसानों के लिए उद्वहन सिंचाई योजना के लिए राशि मिलने से अब किसानों के असिंचित खेतों में पानी पहुंचने से फसलों का उत्पादन बढ़ने के साथ किसानों की आर्थिक स्थिति अच्छी होने के साथ सिंचाई का रकवा बढ़ेगा।



#### साढ़े पांच करोड़ से बनेगा पुल-

बरेली, पिपरिया मार्ग का दिसंबर माह में पुल टूट गया था। बजट में नए पुल निर्माण के लिए 5 करोड़ 55 लाख की राशि मिली है। पिपरिया मार्ग पर अनेक पुराने पुल क्षतिग्रस्त अवस्था में बने हुए है। विधानसभा क्षेत्र की अनेक सड़कों की मरम्मत, सुधार के लिए करोड़ों की राशि स्वीकृत की गई है। उद्वहन सिंचाई योजना के लिए बजट में राशि का प्रावधान होने से शीघ्र किसानों के खेतों तक पानी पहुंचने की उम्मीद से दर्जनों ग्रामों किसानों में भारी हर्ष बना हुआ है।

### कांग्रेस का हमला: कहा जमीनी हकीकत अलग



■ देवेंद्र पटेल, विधायक एवं कांग्रेस जिलाध्यक्ष

बजट झूठ का पुलिंदा है, एमपी की डॉ मोहन सरकार ने भी सिलवानी बेगमगंज विधानसभा क्षेत्र में सौतेला व्यवहार किया है। बजट में सिर्फ 40 करोड़ रुपए की सड़कों की सिर्फ सौगात दी गई है, जिसमें सिलवानी से उदयपुरा, सुल्तानगंज से बकोली भेंसा तक की सड़क स्वीकृत है। कांग्रेस विधायक क्षेत्र में बजट की कटौती कर भाजपा के विधायकों को दे दिया गया है।

### कांग्रेस का हमला: कहा जमीनी हकीकत अलग



■ जावेद अहमद खान, प्रवक्ता कांग्रेस पार्टी।

बजट में महंगाई, बेरोजगारी और किसानों की समस्याओं पर ठोस समाधान नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश की डॉ मोहन सरकार द्वारा भी अब झूठे आंकड़ों की बाजीगरी से जनता को भ्रमित किया जा रहा है। उनके मुताबिक, "कागजों में योजनाएं हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर आम आदमी को राहत नहीं मिल रही।"

## फिर बदला मौसम, हवाओं में घुली ठंडक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

गर्मी की शुरुआत हो ही रही थी कि गुरुवार सुबह से अचानक मौसम का मिजाज फिर बदल गया। हवाओं में ठंडक आ जाने से पुनः शीत का अहसास होने लगा है।

आसमान भी घने बादलों से ढक गया है, जिससे बारिश की संभावना किसानों के लिए भारी चिंता का कारण बन गई है।

नर्मदा क्षेत्र के गांव-गांव में गेंहू, चना, तुअर इत्यादि की फसलें पकने के इन्तजार में खेतों में खड़ी हुई है। धान की खेती के बाद क्षेत्र में मुख्य रूप से गेंहू, चना की खेती हजारों किसानों द्वारा की जाती है। प्रतिवर्ष लाखों के गेंहू किसानों द्वारा समर्थन मूल्य पर बेंच कर देश, प्रदेश का अन्न भंडार भरा जा रहा है। समय से हुई बोवनी की फसलें पक जाने के साथ होली बाद कटाई शुरु होने की स्थिति बनेगी, विलम्ब बोवनी वाली चना, गेंहू की फसलों में फूल आने, फल लगने, बालियाँ निकलने की स्थिति के कारण कटाई मार्च अंत अप्रैल में होने की संभावना है।

## कॉलेज ऑफ पीएमश्री में पुरस्कार वितरण समारोह हुआ आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शहर के कॉलेज ऑफ पीएमश्री में गुरुवार को द्वितीय सत्र के अवसर पर गरिमामय पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों एवं शिक्षाविदों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा, नपाध्यक्ष सविता जमना सेन, जनभागीदारी




समिति पूर्व अध्यक्ष ऋषिनाथ कुशवाह, कामता प्रसाद राजौरिया, अध्यक्ष मनोज कुशवाहा तथा गर्ल्स कॉलेज प्राचार्य डॉ. विनोद सेंगर शामिल रहे। मंचासीन अतिथियों का औपचारिक स्वागत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. किशोर जॉन द्वारा किया गया।

समारोह का संचालन कार्यक्रम प्रभारी डॉ. जीएस कुर्वेती ने किया। प्राचार्य डॉ. किशोर जॉन ने स्वागत भाषण देते हुए महाविद्यालय की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की और भविष्य की विकास रूपरेखा से सभी को अवगत कराया। जन भागीदारी समिति के प्रथम अध्यक्ष ऋषिनाथ कुशवाह ने अपने उद्बोधन में महाविद्यालय की स्थापना के लिए किए गए प्रयासों का उल्लेख किया। वहीं मनोज कुशवाहा ने भी संबोधित किया। इसके पश्चात पुरस्कार वितरण समारोह प्रारंभ हुआ। विभिन्न क्रीड़ा, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

### खबर संक्षेप

#### बरेली को मिली एक और डायलिसिस मशीन



**रायसेन।** जिले में बरेली के शासकीय सिविल अस्पताल की डायलिसिस इकाई को स्वास्थ्य राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल के विशेष प्रयासों से स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से एक और डायलिसिस मशीन प्राप्त हुई है। बीएमओ बरेली डॉ हेमन्त यादव ने बताया कि बरेली सिविल अस्पताल में पूर्व से डायलिसिस की एक मशीन है जिससे अभी तक 731 डायलिसिस पूर्ण रूप से निःशुल्क किए जा चुके हैं। एक डायलिसिस मशीन और प्राप्त हो जाने से सिविल अस्पताल में दो डायलिसिस मशीन हो गई है जिससे मरीजों को और अधिक बेहतर सुविधा मिलेगी।

#### शिवाजी महाराज की जयंती पर निकला मशाल जुलूस

**गैरतगंज।** छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर पूरा नगर 'जय भवानी, जय शिवाजी' के उद्घोष से गुंजायमान हो उठा। विश्व हिंदू परिषद, रामराज्य मित्र मंडल और करणी सेना के संयुक्त नेतृत्व में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम ने नगर को पूरी तरह भगवा रंग में सराबोर कर दिया। बुधवार को शाम को टेकापार श्रीहनुमान मंदिर से विशाल मशाल जुलूस का शुभारंभ हुआ। हाथों में जलती मशालें और लहराते भगवा ध्वज शौर्य का प्रतीक बने रहे। सैकड़ों की संख्या में उमड़े युवाओं का जोश देखते ही बन रहा था। ढोल-ताशों की गूंज ने पूरे वातावरण में एक नई ऊर्जा का संचार कर दिया। आयोजन की संवेदनशीलता को देखते हुए स्थानीय पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा, जिससे जुलूस शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हुआ।

## डाइट में ओलंपियाड के विजेताओं का सम्मान

जिपं सीईओ सोलंकी ने कहा- लक्ष्य तय कर निरंतर मेहनत करें सभी विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शहर के डाइट कार्यालय रायसेन में गुरूवार को जिला स्तरीय ओलंपियाड प्रतियोगिता के विजेता छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नवागत जिला पंचायत सीईओ कमल सोलंकी ने प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया।

समारोह में डाइट सहित जिलेभर के विभिन्न शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के मेधावी विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को मंच पर बुलाकर ट्रॉफी, मेडल एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। इस




दौरान उपस्थित अभिभावकों और शिक्षकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से बच्चों का हौसला बढ़ाया।

इस दौरान सीईओ सोलंकी ने अपने संबोधन में कहा कि ओलंपियाड जैसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता को निखारने का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि प्रतिस्पर्धा के इस दौर में सफलता उन्हीं को मिलती है जो लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर मेहनत करते हैं।

उन्होंने कहा कि आज का सम्मान आप सभी के परिश्रम का परिणाम है। आगे भी इसी लगननिष्ठा और अनुशासन के साथ अध्ययन करते रहें, निश्चित ही उज्ज्वल भविष्य आपका इंतजार कर रहा है।

## पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं बल्कि हम सभी नागरिकों का कर्तव्य है: रेशु विभोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

प्रतिदिन एक पेड़ लगाने के संकल्प को निरंतर निभाते हुए केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को अपने अभियान के पांच वर्ष पूर्ण कर लिए। इस अवसर पर नगर परिषद सिलवानी द्वारा विशेष कार्यक्रम आयोजित कर उनके पर्यावरण संरक्षण के संकल्प को सराहा गया।

"पांच साल पेड़ बेमिसाल" थीम पर भोपाल में आयोजित मुख्य कार्यक्रम का लाइव प्रसारण टीवी के माध्यम से नगर परिषद कार्यालय सिलवानी में दिखाया। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, कर्मचारियों और स्व सहायता समूह की महिलाओं ने प्रसारण को ध्यानपूर्वक देखा और पर्यावरण संरक्षण के इस अभियान की सराहना की।

### नगर परिषद द्वारा अमृत पार्क में पौधरोपण भोपाल कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा



इस अवसर पर नगर परिषद द्वारा निर्मित अमृत पार्क में पौधरोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। नगर परिषद अध्यक्ष रेशु विभोर नायक एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने पाम एवं टर्मिनेलिया प्रजाति के पांच पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि पेड़ केवल पर्यावरण संतुलन ही नहीं बनाए रखते, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वस्थ भविष्य की नींव भी तैयार करते हैं।

कार्यक्रम में नप अध्यक्ष रेशु विभोर नायक ने कहा कि केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान का प्रतिदिन एक पेड़ लगाने का संकल्प हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। पांच वर्षों तक निरंतर इस अभियान को आगे बढ़ाना अपने आप में एक मिसाल है। हमें भी संकल्प लेना चाहिए कि हम अपने जीवन में कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाएं और उसकी देखभाल करें। पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हम सभी नागरिकों का कर्तव्य है।

कार्यक्रम के अंत में सीएमओ ऋषिकांत यादव ने अतिथियों एवं नागरिकों का आभार व्यक्त किया।

गुरुवार सुबह 5 बजे तेज हवाओं के साथ एक घंटा हुई बारिश

## बे-मौसम की बारिश से किसानों की फसल हुई चौपट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

क्षेत्र में बुधवार-गुरुवार देर रात क्षेत्र में हुई तेज बारिश ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया। बुधवार देर रात 12 बजे एक झाला तेज गिरा इसके बाद मामूली सी बूंदाबांदी होती रही फिर गुरुवार सुबह करीब 5 बजे से एक घंटे तक तेज हवा के साथ बरसात हुई, जिससे खेतों में खड़ी गेहूं की फसल कई जगह आड़ी होकर गिर गई। वहीं चने की फसल को भी भारी नुकसान हुआ है।

क्षेत्र के किसानों का कहना है अधिकांश खेतों में फसल पकने की अवस्था में थी, ऐसे में अचानक हुई बारिश और तेज हवा ने बालियों को जमीन पर गिरा दिया। इससे कटाई में परेशानी और उत्पादन घटने की आशंका बढ़ गई है। कई खेतों में पानी भर जाने से चने की फसल पीली पढ़ने की आशंका है।

हालांकि जिन किसानों ने देर से बोनी की थी, उनकी फसल अभी कम ऊंचाई पर होने से उन्हें कुछ फायदा मिला है। लेकिन क्षेत्र के



अधिकांश किसानों को नुकसान झेलना पड़ा है। खेती में लगातार नुकसान उठा रहे अन्नदाताओं के अरमानों पर मौसम ने फिर पानी फेर दिया। देर रात बारिश के साथ तेज हवाओं ने लोगों को ठंड का अहसास कराया, मौसम की इस मार से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें साफ दिख रही हैं।

पिछले कई साल से किसानों को खेती में नुकसान ही उठाना पड़ रहा था। कभी बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से फसल तबाह हो गई तो कभी फसलों का उचित मूल्य न मिलने से आर्थिक क्षति उठानी पड़ी। इस किसानों को गेहूं की फसल से मुनाफे और पुराने नुकसान की भरपाई की उम्मीद थी। लेकिन बुधवार गुरुवार देर रात को मौसम के कड़े रुख के कारण कई किसानों की फसले आड़ी हो गई। गुरुवार सुबह भी आसमान पर काले बादल छाए रहे। ठंड के कारण लोगों को ऊनी कपड़े फिर से निकालने पड़े।

### फसलें आड़ी होने से किसानों को नुकसान, मुआवजा की मांग

कस्बा दीवानगंज के सुरेश साहू, रामनिवास मीणा, मुकेश नायक, भगवान नायक तथा ग्राम अंबाडी में थान सिंह मीणा, गजेंद्र ठाकुर, गजेंद्र चौकसे, राकेश कुशवाहा दिगपाल नायक, गिरजेश नायक आदि किसानों ने बताया कि फसले आड़ी होने के कारण उत्पादन 20 से 25 फीसदी घट जाएगा। किसानों ने मांग की है की प्रशासन फसलों का सर्वे कराकर मुआवजा दिया जाए, क्योंकि ज्यादातर किसानों की फ़सले आड़ी हो गई है जिससे उनको भारी नुकसान हुआ है।

सुदामा चरित्र प्रसंग ने किया भाव-विभोर

## हवन-पूजन के साथ श्रीमद् भागवत कथा का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

सप्त दिवसीय संगीतमय श्रीमद भागवत कथा का गुरुवार को अत्यंत भावुक और आध्यात्मिक माहौल में समापन हुआ। कथा के अंतिम दिन भगवान श्रीकृष्ण के परम मित्र सुदामा के चरित्र का मार्मिक वर्णन हुआ, जिसने हजारों श्रद्धालुओं की आंखें नम कर दीं।

राष्ट्रीय कथा व्यास पंडित देवेन्द्र भार्गव महाराज ने सुदामा चरित्र के माध्यम से सच्ची मित्रता, निस्वार्थ भक्ति और संतोष की महिमा का बखान किया। कथा के सातवें और समापन दिवस पर मुख्य प्रसंग सुदामा चरित्र रहा। आचार्य जी ने बताया कि गरीबी में भी संतुष्ट सुदामा जब द्वारिका पहुंचे तो भगवान कृष्ण ने उन्हें राजसी स्वागत दिया। सुदामा



द्वारा लाए एक मुट्ठी चिवड़े को प्रेमपूर्वक ग्रहण कर श्रीकृष्ण ने दिखाया कि सच्ची भक्ति और मित्रता में धन-दौलत का कोई स्थान नहीं होता। संतोष ही परम धन है। इस प्रसंग को सुनकर पंडाल में श्रोता भाव-विभोर हो उठे।

श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में आहुतियां दीं। हवन के पश्चात पूर्णाहुति दी गई और आरती के साथ कथा का समापन हुआ। समापन पर आयोजित भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।